हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 5 जनवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय के गैर-...



07 मौसम ने बदली करवट कड़ाके की ठंड ने किया...



## खबर संक्षेप

### महिलाओं को दिया जा रहा टेराकोटा प्रशिक्षण



**सीहोर।** महिलाएं अब मिट्टी से अधिक पैसा बनाएंगी। माटीकला बोर्ड महिलाओं के सपने को साकार रूप से दे रहा है। स्वरोजगार करने के लिए तत्पर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मिट्टी के आयटम निर्माण, फिनिशिंग, गुणवत्ता नियंत्रण एवं बाजार तक आपूर्ति और प्रभावी मार्केटिंग सिखाई जा रही है। शहर के कुम्हार मोहल्ला क्षेत्र की महिलाओं को टेराकोटा शिल्प का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वरोजगार के लिए मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण शुरू किया गया है। फिलहाल प्रशिक्षण में 27 महिला लाभार्थियों को शामिल किया गया है। जिले में पंचायत सीईओ सर्जना यादव के सहयोग तथा सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प के अतिरिक्त संचालक आकाश एवं हेडलूमहस्तशिल्प, सुश्री इराम नाज़ के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर हेमंत प्रजापति द्वारा बेरोजगार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह पहल स्थानीय कारीगरों,विशेषकर महिलाओं के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मास्टर ट्रेनर हेमंत प्रजापति ने बताया कि 45 दिनों के प्रशिक्षण में दीपिका,ललिता, विमला,टीना, सालोनी,संजना,पिंरयका,पूजा आदि महिलाऐं शामिल हो रही है।

### नेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ी सीहोर से हुए रवाना

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाका स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में लगातार 15 दिनों तक अभ्यास कैंप में चयनीत 54 खिलाड़ी आगामी छह जनवरी तक महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ियों का जत्था सीहोर से रवाना किया गया। इस मौके पर कोच लखन ठाकुर, विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर और मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि महाराष्ट्र के वर्धा में होने वाली चार दिवसीय नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस चयन प्रक्रिया के लिए चयनित कराटे खिलाड़ियों ने 15 दिनों तक अभ्यास किया और इसके उपरांत कलर बेल्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था।

## बर्फीली हवाओं से नागरिक कांपे, बाजार आम दिनों की तुलना में देर से खुले

# शीतलहर व घने कोहरे से जनजीवन हुआ प्रभावित, दिनभर जले अलाव





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर सहित पूरे क्षेत्र में भीषण शीतलहर का सितम जारी है। इसके साथ ही घने कोहरे ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। भीषण शीतलहर से मानो पूरा दिन कोल्ड डे रहा। तेज व बर्फीली हवाओं से नागरिक कपकपाते रहे। ऊनी वस्त्र, गर्म कपड़े, अलाव सब कुछ इस सर्द दिन में जवाब दे गए। जिसके कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा।

दिनभर सूर्य की किरणें जमीन पर नहीं गिरी ऊपर से शनिवार रात्रि 9 बजे बाद से ही छाया घना कोहरा रविवार प्रातः 12 बजे तक छाया रहा। उसके बाद भी छाई धुंध वातावरण को और अधिक सर्द कर रही थी। रात तो रात दिन में भी औस की बूंदे गिरने से इस सर्द मौसम में आग में घी का काम कर रही थी। ये औस की बूंदे पेड़ों के पत्तों पर जम भी चुकी थी। बुजुर्गों के अनुसार शनिवार रात्रि से रविवार दोपहर तक वर्षों बाद इतना घना और इतने अधिक समय तक कोहरा छाया है। आलम यह था कि कुछ फीट की दूरी पर भी कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। ऐसे मौसम में लोगों ने घरों से निकलना भी मुनासिब नहीं समझा। इक्का दुक्का लोग ही अतिआवश्यक कार्य होने के चलते इस घने कोहरे में घरों से बाहर निकले। कई दोपहिया वाहन चालकों को तो घने कोहरे के कारण रास्तों में ही रुकना पड़ा। इस भीषण शीतलहर में जनजीवन भी प्रभावित हुआ। बाजार आम दिनों की तुलना में काफी देर से खुले तो दिनभर बाजार में ग्राहकी भी नगण्य रही। वहीं शाम होते ही बाजार जल्दी बंद हो गए। दिनभर दुकानों के सामने व गली मोहल्लों में घरों के बाहर अलाव जलते रहे जिससे नागरिक गर्मी प्राप्त करने का प्रयास करते रहे।

### कोहरे के साए में बीते नए साल के तीन दिन

**कानड़।** साल 2026 नव वर्ष की शुरुआत के 4 दिन मौसम में बदलाव के साथ घने कोहरे के साए में बीत गए।नगर सहित अंचल के गांव में मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिली। शनिवार रात से ही आसमान में घना कोहरा छाया रहा और रविवार पुरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए साथ ही ठंड का प्रकोप भी जोरों पर रहा। शनिवार रात से तो आलम यह है कि घने कोहरे के चलते न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बीते तीन दिनों से सूरज भी बादल में छुपा रहा। नतीजा यह है कि भीषण ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म पेय पदार्थ और गर्म कपड़ों का सहारा लिया, वहीं दुकानदारों ने ठंड से बचने हेतु अलाव का सहारा लिया। घने कोहरे के कारण सुबह 10 बजे तक आलम यह था की पांच मीटर दुर भी देखना मुश्किल हो रहा था। नगर वासियों का कहना है कि इस कड़ाके की ठंड एवं शीत लहर के प्रकोप से राहत पाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नगर परिषद पर अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे नागरिकों को इस कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए कुछ राहत मिले।





## पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने निकायों को निर्देश

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव ने नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत जल स्त्रोतों, जल संग्रहण एवं वितरण व्यवस्था को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण मिलिंद ढोके ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निम्न बिंदुओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

जारी पत्र में निर्देश दिए हैं कि जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। जल शुद्धिकरण संयंत्र के फिल्टर बेड का नियमित संधारण किया जाए तथा जल शुद्धिकरण के लिए आवश्यक मात्रा में एलम/क्लोरीन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित मात्रा में उपयोग किया जाए। निकाय क्षेत्र में स्थित सभी उच्च स्तरीय जल टंकियों की वर्ष में कम से कम दो बार साफ-सफाई कराई जाए तथा टंकी की सफाई की तिथि टंकी पर स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। हैंडपंप एवं नलकूपों में ब्लिचिंग पाउडर या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइट के माध्यम से पानी को जीवाणुरहित किया जाए। पाइपलाइन, विशेषकर खुली नालियों अथवा सीवर के पास से गुजरने वाली पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक रख-रखाव किया जाए। पानी के रंग में परिवर्तन या दुर्गंध की शिकायत मिलने पर तत्काल जल प्रदाय रोका जाए तथा वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे टैंकर, नलकूप या हैंडपंप से जल आपूर्ति की जाए। शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करते हुए प्रभावी जल शुद्धिकरण तकनीक का उपयोग कर शुद्ध पेयजल वितरण किया जाए।

पेयजल वितरण नलिकाओं में पाए जाने वाले सभी लीकेज को 24 घंटे के भीतर दुरुस्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की उपस्थिति वाला जल पीने योग्य नहीं होता है, अतः पेयजल में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की नियमित जांच कराई जाए। निकाय क्षेत्र के जल स्त्रोतों, ट्रीटमेंट प्लांट, उच्च स्तरीय टंकियों एवं प्रत्येक वाल्व से वितरित जल की अंतिम नल कनेक्शन तक से सैंपल लेकर जांच कराई जाए तथा जांच के अभिलेख संधारित किए जाएं। जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील है कि सीवरेज, नाली या किसी भी स्थान पर पाइप लाइन लीकेज, फूटी दिखाई दे तो उसकी तुरंत सूचना संबंधित नगरीय निकाय सीएमओ को दें, जिससे कि समय रहते लीकेज दुरुस्त किया जा सके।

## कड़ाके की ठंड से बेसहारा पशुओं का बुरा हाल



**कानड़।** नए साल की शुरुआत से तापमान में आई गिरावट और लगातार चल रही शीतलहर ने आमजन के साथ बेसहारा पशुओं को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण जहां लोग घरों में दुबके रहते हैं, वहीं बेसहारा सड़कों पर रहने वाले पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। ठंड से बचने के लिए इन पशुओं को कई स्थानों पर बुझते अलाव के पास सिमटे हुए गर्मी लेते देखा जा सकता है। ठंडी हवाओं और पाले के कारण कई पशु बीमार पड़ रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा भी बना रहता है।

### गोवंश के लिए जलाए अलाव



**नलखेड़ा।** इस भीषण शीतलहर में नगर में सड़कों पर घूमते गोवंश के लिए टीम गोमाता सेवा समिति द्वारा प्रतिदिन रात्रि में जनसहयोग से अलाव जलाए जा रहे हैं। गोमाता सेवा समिति द्वारा इस शीतलहर में गोवंश के लिए जनसहयोग से प्रतिदिन रात्रि में नगर के कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। जहां गोवंश अलाव के आसपास बैठकर गर्मी प्राप्त कर रहे हैं।

## संघ शताब्दी वर्ष में हिंदू महासम्मेलन का आयोजन हुआ

# 'पंच परिवर्तन से समाज में व्याप्त विकृतियां दूर होंगी'






**नलखेड़ा।** रविवार को नगर में संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत दो स्थानों पर हिन्दू महा सम्मेलनों का आयोजन हुआ। माधव बस्ती का पांडिया कॉलोनी एवं केशव बस्ती का झीन परिसर में हिन्दू महा सम्मेलन आयोजित हुआ। दोनों स्थानों पर भारत माता के चित्र के पूजन के साथ महा सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। उसके बाद गौमाता पूजन अतिथि स्वागत हुआ। सम्मेलनों में पंच परिवर्तन नाटिका का मंचन बच्चों द्वारा किया गया।

माधव बस्ती पांडिया कालोनी में अतिथि के रूप में कथा वाचक राधेश्याम दुबे किसान संघ मालवा प्रांत महामंत्री रमेश दांगी दुर्गा वाहिनी प्रांत शक्ति साधना केंद्र प्रमुख निहारिका ठाकुर संत कालिकानंद एवं पंडित रामजी शर्मा उपस्थित थे। केशव बस्ती झीन परिसर में मुख्य वक्ता विभाग के सामाजिक सरसता संयोजक सुंदर शर्मा विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय सह संयोजिका पिंकी पंवार थे। वहीं आशीर्वचन रविंद्रानंद सरस्वती महाराज द्वारा दिए गए। महासम्मेलन में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को एक से सो वर्ष हो गए और हम आज शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। संघ द्वारा इन सो वर्षों में कई कार्य किए हैं अब आगे समाज के लिए व राष्ट्र के लिए क्या करना है इसके लिए संघ पंच परिवर्तन कार्य कर रहा है। पंच परिवर्तन में स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन है जोकि देश के लिए अतिआवश्यक है। व्यक्ति निर्माण हो फिर वे समाज में परिवर्तन करें। बुराइयां आ रही है जिससे विकृति पैदा हो रही है जिससे समाज बीमार व कमजोर हो रहा है।



वक्ताओं ने कहा कि लगातार चलते चलते दोष उतपन्न हो जाते हैं, उसी प्रकार समाज मे कुरुतिया उत्पन्न हो जाती है। संघ के पंच परिवर्तन पर विशेष ध्यान देना होगा जिससे समाज की कुरुतिया समाप्त हो सके। कुटुंब प्रबंधन में स्त्री का विशेष महत्व होता है। छोटा परिवार होता जा रहा है। हम दो हमारे दो को भूलना होगा और सम्पूर्ण कुटुंब को पुनः परिवार के रूप में अपनाना होगा। जिससे बच्चों को संस्कार मिल सके। दोनों महा सम्मेलन में संकल्प दिलवाया गया एवं भारत माता की आरती के साथ मंचीय कार्यक्रमों का समापन हुआ।

## गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए लोगों से व्यावहारिक उपाय साझा किए

# स्वस्थ समाज ही समृद्ध शक्तिशाली राष्ट्र का कर सकता है निर्माण : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आरोग्य भारती के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार सुबह हॉगवार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि समाज का स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र को आर्थिक रूप से संपन्न समृद्ध शक्तिशाली बना सकता है। बीमार कमजोर आसक्त व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक सिद्ध होता है इसलिए जीवन का पहला सुख निरोगी काया बताया गया है। विधायक राय ने कहा कि आधुनिक युग में जब इंसान सुविधाओं के साथ-साथ अनेक



बीमारियों का भी वारिस बनता जा रहा है, तब स्वस्थ जीवन की ओर लौटने का सही समय आ गया है तेज़ रफ्तार जीवन, तनाव, अनियमित खान-पान और निष्क्रिय दिनचर्या ने मनुष्य को अनेक असाध्य रोगों की ओर धकेल दिया। जीवन शैली में सुधार कर हम निरोगी काया का सकते हैं।

स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता कार्यक्रम को इंदौर से पहुंचे मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश मंत्री ने संबोधित किया उन्होंने अपने गहन अनुभव और सरल शब्दों में बताया कि हमारी दैनिक आदतें ही हमारे स्वास्थ्य की असली नींव होती हैं। उन्होंने विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा।

कार्यक्रम में योग, ध्यान, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, समय पर सोना-जागना, मोबाइल एवं तनाव से दूरी जैसी महत्वपूर्ण जीवनशैली आदतों पर विशेष चर्चा की गई। आयोजन के संयोजक डॉ. गगन नामदेव, जिला संयोजक आरोग्य भारती एवं गिरिराज मित्र मंडल के प्रदीप साबू सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## बुजुर्गों ने किए विजयासन माता के दर्शन

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में निवासरत गोपी दादा ने बताया कि वह करीब 72 साल के है और सलकनपुर में प्रसिद्ध माता मंदिर अब पूरी तरह से भव्य रूप ले चुका है तब से दर्शन की बड़ी अभिलाषा थी। परिवार वाले कभी धाम लेकर नहीं गए। वृद्धाश्रम से हम लोगों को माता के मंदिर ले जाया गया। माता के दर्शन कर जीवन धन्य हो गया।



ऐसे अनेक बुजुर्ग सीहोर और भोपाल में निवासरत है जिनको अब लगातार शहर के समाजसेवी अनिल राय के माध्यम से दर्शन का मौका मिल रहा रहा है। 2025 में उज्जैन महाकाल के दर्शन के बाद 2026 नव वर्ष के मौके पर अब सलकनपुर स्थित देवी धाम पर पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। कभी परिवार ने दर्शन कराने से मना कर दिया था, अब उन्हीं तीर्थ स्थलों पर आश्रम के लोग दर्शन के लिए खुशी-खुशी ले जाते हैं। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित दो दर्जन और भोपाल के अवधपुरी में निवासरत 18 बुजुर्गों को जिला मुख्यालय के समीपस्थ सलकनपुर में देवी दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। इस मौके पर समाजसेवी अनिल राय और उनके पुत्र का सम्मान आश्रम के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य ने किया। इस मौके पर राय ने कहाकि बुजुर्गों को इस यात्रा में देखकर हर्ष हुआ। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि बुजुर्गों को समाज से जोड़ा जा सके।

वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा कराना एक बहुत ही नेक और सराहनीय कार्य है, जो उन्हें मानसिक शांति और खुशी देता है; कई संस्थाएं और व्यक्ति ऐसे तीर्थ-यात्राओं का आयोजन करते हैं, जहाँ उन्हें मंदिरों, गुरुद्वारों के दर्शन कराए जाते हैं, भजन-कीर्तन का मौका मिलता है, और उन्हें परिवार जैसा महसूस कराया जाता है, जिससे उनका जीवन संतोषपूर्ण बनता है

मंदिर पहुंचने पर आश्रम के बुजुर्गों को एसडीएम, तहसीलदार, सलकनपुर के पुलिस अधिकारी और मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशेष दर्शन का अवसर मिला। इस मौके पर यहां पर मौजूद मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आश्रम से आए वृद्धजनों का सम्मान किया और कहाकि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में आध्यात्मिक सुख और सामाजिक जुड़ाव लाना भी है।

## खबर संक्षेप

### अनुविभागीय अधिकारी मालवीय निलंबित

**देवास।** संभाग आयुक्त उज्जैन आशीष सिंह ने पदीय कर्तव्यों के निवर्हन में गंभीर लापरवाही, उदासीनता एवं अनियमितता पर अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग देवास आनंद मालवीय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। दरअसल रविवार को जिले में कांग्रेस मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के गैर जिम्मेदाराना बयान के विरोध में विधायकों और सांसद के आवास के बाहर प्रदर्शन करने वाली थी जिस हेतु एसडीएम मालवीय को प्रशासनिक सुरक्षा की दृष्टि से राजस्व विभाग के अमले की ड्यूटी लगाना थी। एसडीएम मालवीय ने जारी आदेश में कांग्रेस के ज्ञापन की भाषा का उपयोग ड्यूटी आदेश मे कर दिया और यही वजह उनके निलंबन का कारण बनी। निलंबन अवधि में मालवीय का मुख्यालय आयुक्त कार्यालय उज्जैन संभाग उज्जैन रहेगा तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने प्रशासकीय कार्य सुविधा एवं व्यवस्था की दृष्टि से प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा को अनुविभागीय अधिकारी देवास बनाया है एवं संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ रजिसट्रिकरण अधिकारी विधानसभा हाटपिपल्या नियुक्त किया है।

### गिरिराज परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**देवास।** श्री गोवर्धन महाराज महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहो छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज इन भक्तिपूर्ण भजनों के साथ जब मां चामुंडा-मां तुलजा भक्त मंडल के श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा पर निकले, तो पूरा ब्रज क्षेत्र भक्ति, उल्लास और आस्था से सराबोर हो उठा। झूमते भक्त, गूंजते भजन, ढोल-नगाड़ों की थाप और श्रद्धा से भरे जयकारों ने ऐसा वातावरण रचा मानो स्वयं गिरिराज महाराज भक्तों पर अपनी कृपा बरसा रहे हों। देवास से पहुंचे 350 से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह 8.45 बजे बाबा की विधिवत आरती कर गिरिराज परिक्रमा का शुभारंभ किया।

### विधायकों और सांसद के आवास के बाहर बजाया घंटा, मंत्री का पुतला भी जलाया

# नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय के गैर-जिम्मेदाराना बयान के विरोध में कांग्रेस ने जिले भर में किया प्रदर्शन






### प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर कांग्रेसियों ने किया जिले भर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर में भागीरथपुरा की घटना के बढ़ मीडिया के सामने गैर-जिम्मेदाराना दिए गए बयान के बाद कांग्रेस का प्रदेश भर में प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेसी रविवार को घंटा लेकर विधायकों और सांसद के आवास और कार्यालय पहुंचे जहां घंटा बजाकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर रविवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विधायक गायत्री राजे पावर, विधायक मनोज चौधरी, विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के निवास पर पहुंचकर घंटा बजाकर विरोध प्रकट किया। इस दौरान अध्यक्ष गौतम और चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

इतने महत्वपूर्ण पद पर होने के बाद लोगों के लिए सहानुभूति की बजाय इस तरह के शब्दों का उपयोग करना प्रजातांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। बड़ी संख्या में कांग्रेस जन दो पहिया वाहनों पर सवार होकर एवं हाथों में तख्तियां व पार्टी का झंडा लेकर इन चुने हुए जनप्रतिनिधियों के घर पहुंचे, जहां नारेबाजी करते हुए मंत्री विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय, मनोज राजानी, प्रदीप चौधरी, शौकत हुसैन, रघुवीर सिंह बघेल, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, नजर शेख, विक्रम मुकाती, जाहिद पठान, जाकिर उल्ला, विक्रम पटेल, सुजीत सांगते, जितेंद्र गोड, नीरज नागर, रूपेश कल्याने, ईशान राणा, प्रतीक शास्त्री, दिलीप सिंह बजेपुर, सोदन सिंह पवार, ओम प्रकाश मंडलोई, विजय पाल सिंह राजपूत, मिथुन यादव, राजेश पटेल, सोहन पटेल, राजेश राठौर, अनिल गोस्वामी, बने सिंह अस्थाया, रविंद्र चौधरी, कल्याण सिंह पवार, संतोष मोदी, राहुल पवार, आबिद शेख, वसीम हुसैन, राकेश शर्मा, श्रीकांत चौहान, जितेंद्र सिंह मोंटू, हर्ष प्रताप गौड़, दीपेश कानूनगो, कांग्रेसी उपस्थित थे।



#### मंत्री विजयवर्गीय के पुतले का किया दहन

**चापड़ा।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीला पानी पीने से हुई मौतों को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इसी क्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर रविवार को चापड़ा चौराहे पर यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव राहुल सिंह राजपूत के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले का दहन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव राहुल सिंह राजपूत ने कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा मीडिया के सामने गैर-जिम्मेदाराना शब्दों का प्रयोग किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण भागीरथपुरा में लगातार लोगों की जान जा रही है। क्षेत्र की जनता ने भाजपा को एकतरफा समर्थन दिया, इसके बावजूद सरकार शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है, इसलिए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। इसी मांग को लेकर यह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव राहुल सिंह राजपूत के साथ जिला सचिव कुलदीप गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश सेंधव, प्रदीप सिंह, अमन प्रजापत, अभिषेक प्रजापत, अमन खोडे, रजत वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### भौरासा में भी कांग्रेस का प्रदर्शन

**भौरासा।** कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कथित विवादित बयान के विरोध में रविवार को भौरासा नगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छोटे हनुमान चौक पर एकत्र होकर घंटा बजाकर नारेबाजी की और मंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान पुतला दहन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली। बताया गया कि इंदौर में गंदे पानी से हुई कथित रूप से 15 लोगों की मौत के मामले में जब एक मीडिया कर्मी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल किया था, तो उन्होंने पत्रकार के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इसी से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भौरासा में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार मंत्री विजयवर्गीय के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जब पार्षद भादर सिंह भाटिया और पार्षद अफजल मंसूरी द्वारा पुतले को लाकर आग लगाने का प्रयास किया गया, तो पुलिस ने पुतला छीनने की कोशिश की। छीना-झपटी के बाद कांग्रेस ने दोबारा पुतला अपने कब्जे में लेकर आग लगा दी। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद इनानी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष विशाल गुर्जर एवं किसान कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, कांतिलाल यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, अफजल मंसूरी, प्रकाश मंत्री, कैलाश ठाकुर, मूलचंद उस्ताद, सोहेल चिश्ती, शुभम नागर, जयप्रकाश चौधरी, गणेश नागर, दिनेश यादव (डकाच्या), रमेशचंद गुर्जर, अर्जुन सिंह गुर्जर, मनोहर सिंह यादव, गुरुचरण गुर्जर, कैलाश यादव, दिलीप यादव, सुनील उपसरपंच सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शीतलहर से जन जीवन प्रभावित, कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा/चापड़ा

गुरुवार रात से मौसम के अचानक पलटने के बाद क्षेत्र में शीतलहर का असर तेज हो गया है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण सुबह व रात के समय जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ठंड बढ़ने से लोगों को कपकपी का सामना करना पड़ रहा है।शनिवार को भी दिनभर मौसम का मिजाज सर्द बना रहा। आसमान में बादलों की मौजूदगी के कारण सूर्यदेव के दर्शन देर से हुए और दोपहर बाद हल्की धूप निकलने के बावजूद आमजन को ठंड से खास राहत नहीं मिल सकी। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी का असर अब भौरासा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। कोहरे के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट व इंडिकेटर जलाकर धीमी गति से वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ा।

जैसे-जैसे दिन चढ़ा, कोहरे का असर कुछ कमजोर पड़ा, लेकिन ठंड बरकरार रही। लगातार बढ़ती ठंड के चलते लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं, वहीं चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाकर लोग ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ सकता है।



#### दूसरे दिन भी कोहरे का कहर

**चापडा।** जनवरी माह की शुरुआत के साथ ही मौसम ने अचानक करवट ले ली है। क्षेत्र में तेज ठंड के साथ बीते दो दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे जनजीवन और यातायात दोनों प्रभावित हो रहे हैं। लगातार गिर रहे कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता बेहद कम हो गई है। स्थिति यह है कि 30 से 40 फीट दूर की वस्तुएं भी नजर नहीं आ रही हैं। खासकर इंदौर–बैतूल हाईवे पर वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चालकों को सुबह करीब 8 बजे तक हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सुबह 9 बजे तक क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहता है, वहीं कोहरे के साथ ओस की बूंदें भी लगातार गिरती दिखाई दे रही हैं। बिगडे मौसम के कारण रविवार सुबह भी क्षेत्र में कोहरे का तीव्र असर देखने को मिला।लगातार कोहरा पड़ने से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है।

## सोनकच्छ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 62 लीटर अवैध शराब जब्त, कार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत सोनकच्छ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 62.280 लीटर अवैध अंग्रेजी-देशी शराब तथा एक कार जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत 5 लाख 28 हजार 700 रुपये बताई जा रही है।एसपी पुनीत गेहलोत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनकच्छ अजय गुर्जर द्वारा कार्रवाई की गई। 2 जनवरी की रात मुखबिर से सूचना मिलने पर सोनकच्छ पुलिस ने ग्राम धतुरिया रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान एक नीले रंग की मारुति स्विफ्ट कार को रोककर तलाशी ली गई। कार की डिक्की से 07 पेटी अवैध शराब, कुल 62.280 लीटर, जिसकी कीमत करीब 28,700 रुपये है, बरामद की गई।कार में सवार आरोपियों ने अपने नाम विशाल दरबार एवं दिलीप बागवान, निवासी सांवेर बताए। पुलिस ने मौके से शराब के साथ मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी-09-सीडी-2179 (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) जब्त की।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। आरोपियों से अवैध शराब के स्त्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सोनच्छ निरीक्षक अजय गुर्जर, उनि हिमांशु पाण्डेय, प्र.आर.हरिओम यादव, संतोष, विकास, राजेश, आर. श्यामबिहारी, लक्ष्मण, सुनिल, देवेन्द्र, अखिलेश की सराहनीय भूमिका रही।




### शिवपुरी तीर्थ स्थल के गेट के सामने किए गए चक्का जाम से 30 मिनट यातायात रहा ठप

# हाईवे निर्माण से प्रभावित परिवारों ने किया चक्का जाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर–बैतूल नेशनल हाईवे के निर्माण कार्य से प्रभावित ग्राम मातमोर की नई आबादी क्षेत्र के 20 से अधिक परिवारों ने रविवार सुबह अपनी मांगों को लेकर हाईवे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। शिवपुरी तीर्थ स्थल के गेट के सामने किए गए इस चक्का जाम से करीब 30 मिनट तक मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रभावित परिवारों ने बताया कि हाईवे निर्माण के लिए रहवासी क्षेत्र में उनके मकानों की भूमि अधिग्रहित की गई है। शासन द्वारा मुआवजा राशि तो प्रदान कर दी गई, लेकिन नए मकान निर्माण के लिए कब्जा-मुक्त भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

राजस्व विभाग द्वारा शिवपुरी मार्ग पर शासकीय भूमि चिन्हित की गई थी, लेकिन वहां एक व्यक्ति का अवैध कब्जा होने से मकान निर्माण नहीं हो पा रहा है।प्रदर्शन कर रहे लोगों, विशेषकर महिलाओं, ने आरोप लगाया कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए ही उनके पुराने मकानों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ठंड के मौसम में रहने की समस्या को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश देखा गया। कुछ महिलाओं ने पुलिस के कुछ जवानों पर दुर्व्यवहार के आरोप भी लगाए।सूचना मिलने पर थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभावित परिवारों से चर्चा के बाद चक्का जाम समाप्त कराया गया, जिसके बाद यातायात पुनः सुचारू हुआ। मौके पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आगे और उग्र आंदोलन करेंगे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। प्रभावित परिवारों की मांग है कि जब तक उन्हें वैकल्पिक स्थान पर बसाया नहीं जाता, तब तक उनके मकानों को न तोड़ा जाए।

#### कार्रवाई की गई

जिन लोगों द्वारा आज विरोध प्रदर्शन किया गया है, उनको नियम अनुसार मुआवजा दे दिया गया है। मामले को लेकर लंबे समय से उन्हें नोटिस भी दे दिए गए हैं, मकान निर्माण के लिए जगह भी चिन्हित कर दी गई है। जिसके द्वारा उक्त परिवारों को मकान बनाने से रोका जा रहा था। उस के खिलाफ भी कार्रवाई कीगई है।

**नीरज प्रजापत, तहसीलदार बागली**

## उप जेल कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवासअजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 2 जनवरी को उप जेल कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मिश्र द्वारा उक्त शिविर में निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित बंदियों से यह भी जानकारी ली कि उनके प्रकरण में वकील नियुक्त है या नही, साथ ही बंदियों को अधिकारों के प्रति जागरूक रहने हेतु समझाइश दी गई। उक्त शिविर में दारा सिंह मंडलोई जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कन्नौद, अमित निगम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कन्नौद एवं उप अधीक्षक उप जेल कन्नौद सहित जेल स्टाफ, बंदी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खाद लेने गए व्यक्ति की वाहन की टक्कर से मौत

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सिलावन में रहने वाले केशव पुत्र स्व.कैलाश अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर को सुबह करीब 6 बजे उसके पिता कैलाश अहिरवार पुत्र रग्गू अपने घर से कृषि कार्य के लिए यूरिया खाद की बोरी लेने के लिए अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 4886 से ललितपुर जा रहे थे। ग्राम खितवांस में टायर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गिरकर घायल हो गये। राहगीरों ने उसके पिता को एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम प्यासा निवासी प्राणी पुत्र सामले निरंजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2 जनवरी को उसका पुत्र नीतेश अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 1470 से तहसील मड़ावरा जा रहा था। वह जैसे ही तहसील गेट के सामने पहुंचा कि तभी वहांसे मारूति ईको गाड़ी संख्या एम.पी.15 जेड.ई. 4861 के चालक ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों ने नीतेश को सीएचसी मड़ावरा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डाक्टरों ने नीतेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गांव लौट रहे व्यक्ति को वाहन ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना मोहनगढ़ के ग्राम मालपीथा में रहने वाली विमलाबाई पत्नी मुन्नालाल वंशकर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 12 दिसम्बर को शाम करीब 6.15 बजे उसका पुत्र हरकिशन थाना बानपुर के ग्राम ककरेला आया हुआ था। ककरेला से अपने घर लौट रहा था। कैलगुवां रोड पर रास्ते में गुलियन की पुलिया पर उसका पुत्र हरकिशन बाथरूम करने लगा, तभी ककरेला निवासी छोटू पुत्र शिवदयाल यादव ने अपनी मोटर साइकिल से उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। तभी राहगीर महेन्द्र सिंह व उसके पिता काशीराम ने उसे उपचार के लिए टीकमगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने उसके पुत्र को झांसी रेफर कर दिया। झांसी से उसका उपचार भोपाल में भी चला। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जबरन शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** चण्डी माता मंदिर के पीछे नई बस्ती निवासी आयुष पुत्र प्रभुदयाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 1 जनवरी को रात करीब 8 बजे वह स्टेशन से लौटकर अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में ओवरब्रिज के नीचे संदीप भौंड़ेले, उत्कर्ष नायक पुत्र राजेश नायक, उदय पाराशर, सुमित कौशिक ने उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए कहा, जब उसने जबरन शराब पिलाने से मना किया तो उक्त लोगों ने उसकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शनि मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**विदिशा।** बेतवा तट स्थित शनि मंदिर पर साल के पहले शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त शनि देव के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने तेल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की और सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पहले शनिवार के कारण सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही, जिससे मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं और माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पुजारी राधे लाल जोशी ने बताया कि साल के पहले शनिवार को शनि देव की विशेष मान्यता होती है।

---

### सुबह-शाम और रात को घना कोहरा व ठंडी हवा से तापमान में गिरावट

# मौसम ने बदली करवट कड़ाके की ठंड ने किया जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले में इन दिनों भीषण ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से शाम और रात के समय घना कोहरा व ठंडी हवा के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ठिठुरन भरी ठंड से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। कई ग्रामीण इलाकों में लोग देर तक घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। ठंड का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सुबह के समय बाजार देर से खुल रहे हैं और ग्राहकों की संख्या भी कम नजर आ रही है। ठंड के कारण सड़कों पर सुनसान छाया हुआ है वहीं, ठंड से सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला प्रशासन ने भी ठंड के बचाव के उपाय के लिए अधीनस्थों को आदेश कर पारित किया कि वह किसी भी आमजन को ठंड से बचने के लिए रेन बसेरा मैं इस ठंड से बचने के संसाधन बना रखे हैं ।

---

### कार्य करते तबीयत खराब हुई थी

## एसआईआर में कार्यरत शिक्षामित्र हेमलता की मौत



**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय टगर बिरधा में कार्यरत शिक्षामित्र हेमलता की विगत माह ए स आ ई आ र बीएलओ में ड्यूटी लगी थी। विगत दि व स एसआईआर का कार्य करते समय तबीयत खराब हो गई थी, जिन्हें आनन फानन में झांसी के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर हालात में सुधार न होने पर उन्हें एम्स हॉस्पिटल भोपाल रेफर कर दिया था जहां पर ब्रेन हेमरेज का आपरेशन हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण शिक्षा मित्र एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा आर्थिक मदद की थी एवं जिलाधिकारी ललितपुर ने भी एक लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। हेमलता की जान नहीं बच पाई। उक्त शिक्षामित्र महरौनी विधानसभा के 411 की बीएलओ का कार्य कर रही थी। वर्तमान में बीएलओ कार्य में तनाव ज्यादा हुआ। बीएलओ का 500 अल्प मानदेय मिलता है, जो भी कभी टाइम से नहीं दिया जाता। अधिकांश 90 प्रतिशत शिक्षा मित्रों की ड्यूटी बीएलओ कार्य में लगा दी जाती है। साथ ही विभागीय कार्य करना पड़ता है। उक्त शिक्षा मित्र वर्ष 2006 से कन्या प्राथमिक विद्यालय बिरधा के विद्यालय में कार्यरत थी। समायोजन होने के बाद कम्पोजिट टगर बिरधा में नियुक्त थी। समायोजन निरस्त हो जाने के बाद से ही अवसाद में रहने लगी थी। उनके एक लड़का एवं लड़की है। शिक्षा मित्रों को अल्प मानदेय मिलता हैं। सरकार से आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं मानदेय वृद्धि हेतु मांग भी कर चुके हैं। धीरे धीरे शिक्षा मित्र काल के गाल में समाते जा रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने पहुंचकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्रों के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, बृजेश कुमार टोटे, अशोक शर्मा, सुदामा प्रसाद दुबे, नीलम तिवारी, कमलापति दुबे आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह में रहने वाली कुसुम पत्नी दयाली ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 अगस्त 2023 को उसके पुत्र अरविन्द को गांव का ही राजू उर्फ राजकुमार पुत्र पूरन कुशवाहा सुबह 9 बजे अपने साथ घर से ले गया था। देर रात तक जब घर लौटकर नहीं आया तो अपने पुत्र अरविन्द व राजू से मोबाइल फोन पर सम्पर्क किया, तो दोनों ने बताया कि सुबह तक वापस आ जायेंगे। 21 अगस्त को शाम करीब 8 बजे उसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी से सूचना मिली कि अरविन्द का एक्सीडेंट हो गया है और वह भर्ती है। सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंची, जहां उसने देखा कि अरविंद को गंभीर चोट आयीं है। डाक्टरों ने अरविन्द को उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान अरविन्द को मृत घोषित कर दिया। बताया कि पोस्टमार्टम के बाद भी कराया। बताया कि घटना की जानकारी राजू उर्फ राजकुमार से की तो राजू ने बताया कि 21 को वह लोट रहे थे तभी शाम 7 बजे सिलावन बस स्टेण्ड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से अरविन्द घायल हो गया था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### घर में घुसकर गालियां देने पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

## दोनों पक्ष से आधा दर्जन घायल, दोनों की रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रानीपुरा निवासी मुकेश साहू पुत्र सुरेश ने पुलिस को अवगत कराया कि एक जनवरी को शाम करीब 5.40 बजे उसका भाई देवेन्द्र साहू मुहल्ला करीला अपने घर पर था। तभी पड़ोस के धनीराम पुत्र छोटेलाल, सुनील, अनिल, उपेन्द्र, बंटी उर्फ भूपेन्द्र, रूपेश, गोलू पुत्रगण धनीराम एकराय होकर आये और उसके भाई को घर में घुसकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, सब्बल से मारपीट कर दी। बचाने आयी उसकी बहू आरती उर्फ अर्चना उसके भाई के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया और गंभीर चोटें आयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने दुकान में रखे सामान व बाइक की तोडफ़ोड़ कर दी, जिससे उसे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया। शोर मचाने पर मोहल्लेवासियों ने एकराय होकर उन्हें किसी प्रकार बचाया। फोन करके डायल 112 पर पुलिस को बुलाया, जिससे पुलिस आयी और उसके भाई व बहू को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से दोनों को मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भूपेन्द्र साहू पुत्र धनीराम साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि माताटीला चौराहा स्थित वह अपनी दुकान पर था, तभी सुरेश साहू पुत्र मल्थू, मुकेश साहू, अजय साहू, देवेन्द्र साहू, रामू, अंकित साहू पुत्रगण सुरेश साहू अपने 5-6 अज्ञात साथियों के साथ आये और मारपीट कर दी। दुकान में घुसकर सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। वहीं धारदार हथियारों, कुल्हाड़ी, रॉड से हमला कर पूरे परिवार पर हमला किया, जिससे उसके भाई भी घायल हो गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### दो पक्षों में मारपीट, ग्राम विरारी का मामला, क्रॉस एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बिरारी निवासी मोहर सिंह पुत्र करन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम साढ़े छह बजे वह कचहरी से तारीख करके ललितपुर से अपने गांव वापस जा रहा था। तभी बरूआ नाले के पास गांव के राजेश पुत्र गजराज यादव, शिवम व उदय पुत्रगण राजेश यादव ने उसे गालियां दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। किसी प्रकार वह बचकर भागा और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर लोगों ने मौके पर आकर उसे बचाया। इस मारपीट में उसकी भाभी लक्ष्मी पत्नी श्रीराम, भतीजे कपिल को भी चोटें आ गयीं। उक्त लोगों ने जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से राजेश यादव पुत्र स्व.गजराज सिंह ने पुलिस को बताया कि वह खेत से पानी की मोटर चलाकर वापस घर आ रहा था। तभी माधव यादव, कपिल यादव पुत्रगण श्रीराम, विशाल यादव उर्फ युवराज उर्फ विक्की पुत्रगण संजय ने उसके साथ मारपीट कर दी। गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

---

## पेड़ छांटते में भाई-भतीजे ने कर दी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना सौजना के ग्राम गुढ़ा निवासी गन्दू पुत्र जगन पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे वह घर के बाहर बेरी का पेड़ छांट रहा था, तभी उसका भाई बन्दू पुत्र जगन पाल, उसका पुत्र रामपाल आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत में पड़ोसियों ने किया हमला, मारपीट की

मोहल्ला तालाबपुरा अखाड़ा के पीछे रहने वाली फूलनदेवी पत्नी फूलचन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने खेत ग्राम सिलगन में थी। तभी प्रियांश पुत्र मनोज, प्रीति पत्नी मनोज, मनोज पुत्र अज्ञपत ने एकराय होकर उसे गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### खिलाड़ियों को टीम भावना के साथ खेलना चाहिए: मनोहर लाल

## केजीएन को हरा बार इलेविन फाइनल में पहुंची



**ललितपुर।** बार विकासखंड के ग्राम नागारा में श्री तुवन सरकार कप का शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें केजीएन ललितपुर एवं बार एलेविन टीम मध्य खेला गया। टूर्नामेंट श्री तुवन सरकार के महंत रामलखनदास महाराज ने 21 द दिसंबर 2025 को उद्घाटन कर मैच का शुभारंभ किया था, जिसमें शनिवार को राज्यमंत्री मनोहर लाल एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से खिलाडियों का परिचय लिया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि खिलाडियों को टीम भावना के साथ खेल खेलना चाहिए। इसके बाद मैच का शुभारंभ कराया गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बार एलेविन ने निर्धारित 15 ओवर में 178 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केजीएन ललितपुर की टीम निर्धारित 15ओवर में केवल 112 रही ही बना सकी और उसके सारे खिलाडी ऑल आउट हो गए। मैच के मेन ऑफ द मैच रहे। जिन्होंने 14 गेंदों में 31 रन बनाए एवं 4 ओवर में 49 रन देकर 4 विकेट लिए। आयोजक आशीष लिटोरिया रहे।

---

### टीकमगढ़-खजुराहो रेलखंड में चलाया जागरूकता अभियान

## पत्थरबाजी रोकने रेलवे सुरक्षा बल ने स्टेशनों पर किया संपर्क

**ललितपुर।** टीकमगढ़ खजुराहो मार्ग की ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं के मद्देनजर रे.सु.ब. व.मं.सु.आयुक्त के आदेशोंदिशा-निर्देशों के अनुपालन में रे.सु.ब.थाना ललितपुर के उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह हमराह उप निरीक्षक अंकित कुमार,प्रधान आरक्षक पी.के.सोनी,हरिकिशन सिंह यादव,अवधेश कुमार यादव व आरक्षक शुभम बिसला द्वारा टीकमगढ़-खजुराहो रेलखंड में पड़ने वाले मवई रेलवे स्टेशन के पास वाले गांव मवई के उप सरपंच श्री लखन राजपूत की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस थाना देहात टीकमगढ़ मध्य प्रदेश से समन्वय स्थापित करते हुए थाना स्टाफ के साथ मवई ग्रामवासियों को एवं आसपास वाले अन्य गांव कंगना



एवं नारगुड़ा में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं के मद्देनजर ग्रामीणों के मध्य जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को अपने बच्चों को रेलवे लाइन रेलवे/क्षेत्र से दूर रखे जाने एवं संदिग्धता वाले व्यक्तियों के बारे में स्थानीय पुलिस एवं आरपीएफ को सूचित किए जाने हेतु जागरूक किया गया।साथ ही बच्चों के द्वारा ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को अंजाम दिये जाने के परिणाम स्वरूप सम्बन्धित बच्चों सहित उनके अभिभावकों/परिजनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।इस दौरान सभी ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम हेतु यथासंभव रेलवे की सहायता किए जाने का आश्वासन दिया गया।

---

### विदिशा पुलिस की सख्ती, नशा और अपराध के खिलाफ विशेष अभियान

## संदिग्धों की जांच, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

असामाजिक तत्वों, अवैध गतिविधियों और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संबंधित थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। नववर्ष 2026 को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विशेष रूप से नशा करने वालों, शराब और ड्रग्स बेचने व सेवन करने वालों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर स्थित टीला क्षेत्र में विशेष दबिश दी गई। यहां पूर्व में शराब और ड्रग्स बेचने वालों के ठिकानों पर तलाशी ली गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में किसी भी प्रकार का नशा या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह सख्ती जारी रहेगी।

---

## सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई



**विदिशा।** जयंती पर एकत्रित हुए समाजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा द्वारा सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती रायपुरा स्कूल के सामने स्थित कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कुशवाह महासभा प्रदेशाध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाह ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को हम अपने जीवन में आत्मसात करें तभी समाज का उत्थान होगा।

कार्यक्रम को जिला महामंत्री कैलाश कुशवाह, जिलाध्यक्ष महिला महासभा दीपा कुशवाह, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाह, शिक्षक नारायण सिंह कुशवाह, भारती कुशवाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महासभा की नगर अध्यक्ष प्रिया कुशवाह ने की। कार्यक्रम का संचालन तहसील युवा अध्यक्ष सुरेश कुशवाह ने किया। आभार बब्लू कुशवाह तहसील महामंत्री ने माना। इस दौरान ललता प्रसाद कुशवाह, हल्लू कुशवाह, शैतान सिंह कुशवाह, क्रांति कुशवाह, भारती कुशवाह, गुड्डी बाई, मंजू बाई, राज बाई, मीराबाई, नर्मदा बाई, बसंती बाई, पुनिया बाई, मोहन बाई, कलाबाई, कुंवर बाई बादि मौजूद रहे।

## सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के मनचलेपन से परेशान है महिला कर्मचारी

# बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल के सीएमएचओ ऑफिस में महिला कर्मचारी को आए दिन परेशान करने को लेकर पिता ने सीएमएचओ के साथ साथ कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बाबू ऋषि विजयवर्गीय पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पिता आरजी प्रजापति ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि आए दिन उनकी बेटी को ऋषि मानसिक रूप से परेशान करता है और कहता है कि यहां से कहीं ओर स्थानांतरण करवा लो। ऐसी स्थिती में बेटी को मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। यदि भविष्य में मेरी बेटी को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार ऋषि विजयवर्गीय होगा।

हरिभूमि से बात करते हुए सीएमएचओ ऑफिस में कार्यरत महिला ने बताया कि 2025 में जब वह डॉ किरण वाडिवा से काम के सिलसिले में उनके चेंबर में जा रही थी तो मेरी जेब में बाबू ऋषि विजयवर्गीय ने कंडोम का छोटा बॉक्स रख दिया। जिसके बारे में मैंने तात्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को बताया था। परंतु कोई ऑफिशियल कार्रवाई उस समय नहीं हो पाई। जिसके कारण फिर उसके हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन परेशान करता रहता है। कई महिलाएं बदनामी के डर के कारण बहुत कुछ सह जाती हैं परंतु अब हद हो गई है तो मुझे आपसे अपनी बात कहना पड़ रही है।




### कुछ दिन पूर्व ही खुलेआम ऑफिस में दी थी गालियां

स्वास्थ्य विभाग के जिला मुख्यालय पर सीएमएचओ ऑफिस में पदस्थ ऋषि विजयवर्गीय इतने हल्के हो गए हैं कि सरेआम गालियां देने में भी उन्हें कोई गुरेज नहीं है। फिर चाहे महिला ही क्यों न वहां पर उपस्थित हो। इस मामले की जांच भी हुई परंतु जांच रिपोर्ट अलमारी में बंद हो गई और एक बार फिर बाबू अपनी गलती के बाद भी ऑफिस में टिके हुए हैं। इन पर कार्रवाई कब होगी जिससे महिला कर्मचारी सुरक्षित अपना काम कर सके। इस संबंध में बाबू ऋषि विजयवर्गीय का जवाब जानना चाहा लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

**परेशान करने किया गया था स्थानांतरण:** सहायक ग्रेड 3 पर पदस्थ महिला कर्मचारी बताती हैं कि इन्हीं लोगों ने मुझे परेशान करने के लिए ही मेरा स्थानांतरण सीएमएचओ जिला मुख्यालय से माचलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर दिया। बिडम्बना यह की वहां पर सहायक ग्रेड 3 का पद ही स्वीकृत नहीं है जिस पर हाईकोर्ट इंदौर ने संज्ञान लेते हुए मुझे स्टे दिया।

### इनका कहना है...

मैं अभी कुछ दिनों के लिए बाहर आई हूं, आने के बाद इस मामले को देखती हूं।

डॉ शोभा पटेल
सीएमएचओ राजगढ़

## कालीपीठ पुलिस और अहिंसा टीम का सृजन कार्यक्रम का समापन

# किशोरियों को सिखाया नि-अस्त्र कैसे करें अपनी आत्मरक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा कालीपीठ थाना क्षेत्रान्तर्गत में चल रहे 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। समापन के दौरान उपस्थित बालिकाओं, किशोरियों को सिखाया गया कि अगर उनके पास किसी तरह का अस्त्र आदि नहीं हो तो वे कैसे अपनी आत्मरक्षा कर सकती हैं। इसके साथ ही पावर-वॉक प्रदर्शन के दौरान किशोरियों ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और सीख को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों को प्रतिदिन आत्मरक्षा के गुर, कानूनी प्रावधानों की जानकारी, बाल अधिकार, तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, उन्हें सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व और पुलिस-समाज के सहयोगी रिश्ते को समझने का व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। कालीपीठ के पूर्व सरपंच जगदीश दांगी ने उपस्थित बच्चों की सराहना करते हुए कहा- हमारे क्षेत्र में जो कुरीतियाँ फैल रही हैं, उन्हें हम सब मिलकर समाप्त करेंगे। राजगढ़ एसडीओपी अरविंद राठौर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोर-किशोरियाँ अब सीख रहे हैं, समझ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सूबेदार मधु रघुवंशी, कुलदीप चंद्रपाल, दीपेन्द्र राजपूत, तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से मनीष दांगी, अनिकेत दांगी, भाग्य आदित्य सिंह सहित पूरी टीम ने प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएँ संचालित कीं। यह आयोजन 15 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें 100 से अधिक किशोर-किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की।

## इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद अलर्ट मोड पर प्रशासन

# सभी नगरीय निकायों में हर हफ्ते हो पेयजल की टेस्टिंग: कलेक्टर




**राजगढ़।** गत दिवस प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन से 14 लोगों की अकस्मात मृत्यु हुई थी। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए राजगढ़ के स्थानीय प्रशासन ने जिले के सभी नगरीय निकायों में पेयजल की हर हफ्ते पेयजल की टेस्टिंग के तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निकायों में पानी की टेस्टिंग प्रति सप्ताह की जाए। तीन दिवस में सभी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। दूषित पानी की कही से भी शिकायत न आए यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिसमें सभी नगरी निकायों की पाइप लाइनों का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जियोटेगिग किया जाए।

### ग्रामीण जल स्त्रोतों की टेस्टिंग भी करवाएं

उन्होंने बैठक में यह भी निर्देश दिए की सभी नगरीय निकायों से जल सप्लाई प्रभारी व सब इंजीनियर सहित 5-5 लोगों को वॉटर टेस्टिंग किट का रविवार को जिला स्तर पर पीएचई द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि नगरीय निकाय खुद भी पानी की जांच कर सके। बैठक से अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी छापीहेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि सभी ग्रामीण जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## डेढ़ दर्जन नोटिस के बाद प्रशासन ने की तालाबंदी, एसडीएम ने दिए निर्देश

# संडावता में 8 साल से बकाया लाखों की वसूली को लेकर सख्ती

**सारंगपुर।** तहसील के संडावता कस्बे में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित एवं नीलामी के माध्यम से आवंटित दुकानों की बकाया राशि को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वर्ष 2017 से बकाया चल रही नीलामी राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आखिरकार कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील कर ताले लगवाए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से कस्बे में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

जानकारी के अनुसार, आदर्श ग्राम पंचायत घोषित होने के बाद संडावता में बाजार विकास के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण कराया गया था। इन दुकानों को नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से व्यापारियों को आवंटित किया गया, लेकिन कई दुकानदारों ने वर्षों तक नीलामी की राशि जमा नहीं की। ग्राम पंचायत द्वारा लगातार सूचना पत्र जारी किए जाने के बावजूद बकायादारों ने भुगतान नहीं किया। बताया गया कि वर्ष 2017 से अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक नोटिस जारी किए गए थे।



एसडीएम रोहित बम्होंरे ने बताया कि संडावता सारंगपुर मार्ग पर स्थित 5 दुकानों तथा नवीन बस स्टैंड परिसर की 17 दुकानों सहित कुल 22 दुकानदारों पर करीब 31 लाख 50 हजार रुपए से अधिक की बकाया राशि थी। वसूली की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी राशि जमा नहीं करने पर कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशानुसार टीएल बैठक में निर्णय लिया गया, जिसके तहत सख्त कार्रवाई की गई। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार टप्पा संडावता शैलजा मिश्रा के नेतृत्व में गठित राजस्व एवं पंचायत अमले ने कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायत की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# निर्मल मन से की गई भक्ति प्रभु को प्रिय है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आशुतोष महाराज की कृपा से कुरावर मंडी के शिव धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीहरि कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास साध्वी चित्रा भारती व भक्तिप्रभा भारती ने भक्त धन्ना जाट की ठाकुर जी अर्थात प्रभु श्रीकृष्ण के प्रति निश्चल भक्ति भाव की महिमा का भजन सरिता के साथ सुंदर व्याख्यान किया। जिससे मानव में मानवीय-दैवीय गुणों का सृजन होता है। साध्वीजी ने शांति एवं आनन्द के स्त्रोत शाश्वत सूत्र बृह्मज्ञान की प्राप्ति कर ध्यान शिविर में सम्मिलित हो ईश्वर तत्व के दर्शन के लिए प्रेरित किया। बड़ी संख्या में पधारे श्रोता बन्धुओं ने कथा प्रसङ्ग को बड़े ध्यान से श्रवण कर ज्ञान प्राप्ति हेतु उत्साहित हुए।

# नशे के विरुद्ध कार्रवाई: नरसिंहगढ़ में 5.38 लाख की अवैध शराब जब्त, 8 आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ राजगढ़ पुलिस के निरंतर अभियान के तहत थाना नरसिंहगढ़ पुलिस ने ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में बड़ी कार्रवाई की। दबिश के दौरान पुलिस ने 905 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 38 हजार रुपए है। साथ ही कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 1500 लीटर लहान मौके पर ही नष्ट किया गया। यह कार्रवाई एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (आईपीएस) के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने मौके से 725 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब तथा 180 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की। मामले में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर 8 आरोपियों जितेंद्र, अनिल, मनीष, राहुल, अभिषेक, अरुण, कमल गुदेंन एवं महेश (सभी निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, छोटा बैरसिया)कृके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# 'नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली थीं सावित्रीबाई'

**सारंगपुर।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोलकर नारी शिक्षा की नींव रखी, उस समय जब महिलाओं को घर से बाहर निकलने तक की अनुमति नहीं थी। इस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए उन्होंने जो क्रांति की, उससे मैं व्यक्तिगत रूप से अत्यंत प्रभावित और भावुक हूं।

समाज के तीव्र विरोध के बावजूद, जब उन पर कीचड़ फेंका जाता था, तब वे अतिरिक्त साड़ी लेकर जातीं और साड़ी बदलकर पूरे साहस के साथ बच्चियों को पढ़ाती थीं। उन्होंने दलितों और महिलाओं के लिए अनेक विद्यालय स्थापित किए, विधवाओं हेतु बालहत्या प्रतिबंधक गृह शुरू किया और छुआछूत व बाल विवाह के विरुद्ध संघर्ष किया। प्लेग महामारी में रोगियों की सेवा करते हुए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी सोच आज भी हमें सिखाती है कि शिक्षा ही समाज को बदलने की सबसे बड़ी ताकत है भारत में महिला शिक्षा की नींव रखने वाली सावित्रीबाई फुले सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचार हैं यह बात फूल माली समाज सारंगपुर क्षेत्र एवं महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद जिला इकाई द्वारा शनिवार को महात्मा फुले चैराहे पर सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशी बजाज ने कही कार्यक्रम को ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा महाविद्यालय प्राचार्य ममता खोईया नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका समाज सुधारक और कवयित्री थीं जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं और दलितों की शिक्षा व सामाजिक समानता के लिए अथक संघर्ष किया भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला और विधवा पुनर्विवाह व बाल विवाह विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# एक पेड़ भविष्य के नाम तहत एनएसयूआई ने लगाए पौधे



**ब्यावरा।** शहर के कॉलेज अध्यक्ष हर्षित दांगी व अनमेष दांगी द्वारा शनिवार को ब्यावरा महाविद्यालय में एनएसयूआई द्वारा एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। युवा शक्ति के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, हरित और स्वस्थ भविष्य को समर्पित है। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह, डॉ भारत वर्मा, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, रचना भार्गव, राहुल दांगी, चेनसिंह, फूल सिंह, ग्यानु विजयवर्गीय, अर्पित शर्मा, गंगा चौहान, कैलाश, यूनिश मोहम्मद, लक्की दांगी आदि शामिल हुए।

## 13 जनवरी होगा भूमिपूजन, निकलेगी धर्म ध्वज व कलश यात्रा

# खुजनेर में 21 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कुंज नगर खुजनेर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 21 जनवरी को होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा, जिसको लेकर नगर में तैयारिया की रूप रेखा तैयार की जा रही एवं आयोजन समितियों का गठन किया गया है। 13 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन के निमित्त नगर में भव्य धर्म ध्वज कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं कार्यक्रम स्थल पर भूमिपूजन किया जाएगा।

पूरे नगर में भगवा पताका लगाई जाएगी स्वयंसेवकों द्वारा प्रत्येक हिन्दू समाज के घर घर पीले चावल देकर हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा नगर में हिन्दू सम्मेलन के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं, जिनमें भूमि पूजन, जनसंपर्क, प्रभात फेरियां और बैठकें आयोजित हुई ताकि समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रहित के भाव को मजबूत किया जा सके आयोजन समितियों द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है, जिसमें मंच व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई स नगर में प्रातः 5 बजे से भजन-कीर्तन के साथ प्रभात फेरी भी निकाली जा रही हैं। संगठित समाज सशक्त हिन्दू, सशक्त राष्ट्र, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति जैसे विषय ओर पंच परिवर्तन पर प्रतिदिन नए नए नवाचार भी किए जाएंगे।

## ग्राम बागोरी और तलावली को मिली विकास कार्यों की सौगात

# 90 लाख से निर्मित होंगे 3 सामुदायिक भवन व पुलिया

**ब्यावरा।** मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को ग्राम बागोरी एवं तलावली में करीब 90 लाख की लागत से निर्मित होने वाले तीन सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में बीते 22 वर्षों तथा केंद्र में पिछले 12 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है।

मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में सड़क, पुल, भवन, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में मध्य प्रदेश शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाओं एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर को सुदृढ़ किया जा रहा है। मंत्री पंवार ने कहा कि किसानों की आर्थिक मजबूती प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। कृषि से जुड़े विभिन्न नवाचार, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और सीधी सहायता योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।





इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर, मानसिंह, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह, श्याम सिंह चैहान, जयेंद्र गुर्जर, गोपाल बादशाह, सरपंच रमेशचंद्र यादव, सरपंच श्री रामगोपाल दांगी, आरईएस ईई बसंत कुमार सूर्यवंशी, प्रवीण सिंह भील सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।